तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 31 दिसम्बर 2023
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 सैकड़ों क्विंटल धान बेचने के बाद किलो के हिसाब से मिली बोनस राशि

खबर संक्षेप

विक्षोभ के प्रभाव से फिर बदलने लगा मौसम

अम्बिकापुर। मौसम में आए बदलाव के कारण ठंड कम हो गई है। मौसम अधिकारी नए साल में पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में तेज बदलाव आने के साथ ही बूंदाबादी होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद पिछले पांच दिनों से आसमान साफ है लेकिन लगातार उत्तर पूर्व की हवाएं चलने के कारण ठंड से राहत है। उत्तर की हवाओं के प्रभाव से शाम ढलने पर कनकनी बढ़ जा रही है लेकिन दिन में तेज धूप निकलने के कारण गर्म कपड़ों की जरूरत नहीं पड़ रही है। उत्तर भारत में घने कोहरे की पट्टी एवं पछुआ विक्षोभ के अग्रसर होने के कारण नए साल में एक बार फिर मौसम में तेज बदलाव आने एवं बूंदाबादी होने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हो गई है। भविष्य में निम्न स्तर के बादलों का घनत्व बढ़ने एवं 2-3 दिन बाद बूंदाबादी होने की संभावना है। मौसम अधिकारी विक्षोभ के प्रभाव से रात के तापमान में 1-2 डिग्री की वृद्धि होने एवं दिन के तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शनिवार को आसमान पर बादलों की आवाजाही के साथ पूरे दिन धूंध छाई रही। इधर उत्तर भारत से अग्रसर कोहरे के भी उत्तर छत्तीसगढ़ को प्रभावित करने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि कोहरा की पट्टी काफी दूर होने के कारण अभी इसकी दिशा एवं समय का निर्धारण नहीं हो सका है। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। पिछले 24 घंटे में रात के तापमान में 1.0 डिग्री की वृद्धि वहीं दिन में 1.1 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

ग्राम बांसा में 3 घरों में की तोड़-फोड़

27 हाथियों का दल लौटा उदारी जंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

खास बात

- हाथी सड़क पार कर बुलगा जंगल जाने कर रहे प्रयास

वन अमले की कड़ी मशक्कत के बाद 27 सदस्यीय हाथियों के वापस उदारी जंगल लौटने पर वन अधिकारियों ने राहत की सांसे ली है। हाथियों को सुरक्षित आगे ले जाने के दौरान वन अमले को जगह-जगह ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों द्वारा हाथियों का रास्ता बाधित करने से आक्रोशित हाथी ग्राम बासा में घुस गए तथा 3 घरों में तोड़-फोड़ की।

एक दिन पूर्व चेंद्रा जंगल पहुंचे 27 सदस्यीय हाथियों के शहर की ओर पहुंचने की संभावना पर शुक्रवार को वन विभाग ने हाथियों को सुरक्षित जंगल की ओर पहुंचाने का अभियान चलाया। अभियान में कोई समस्या न हो इसलिए अम्बिकापुर एएवं धौरपुर रेंज के कर्मचारियों को तैनात करने के साथ ही पुलिस बल की मदद ली गई थी। अंधेरा होने पर हाथियों का दल जंगल से बाहर निकला तो वन अमले ने गजराज वाहन की मदद से प्रतापपुर जंगल की ओर अग्रसर करने की तैयारी में थे लेकिन हाथियों का दल गजाडांड़ जंगल की ओर बढ़ गया। कड़ी मशक्कत के बाद हाथी गजाडांड़ के रास्ते रात्रि 2 बजे ग्राम बांसा पहुंचे एवं गन्ना की फसल खाकर अपनी भूख मिटाई। हाथियों के शहर एवं आसपास के आबादी में घुसने की संभावना पर भयभीत ग्रामीण पूरी रात जगे रहे तथा हाथियों की गतिविधि का जायजा लेते रहे। इस दौरान भयभीत ग्रामीणों ने जगह-जगह पटाखे फोड़ एवं तेज रोशनी कर हाथियों का रास्ता बाधित करने की कोशिश की। ग्रामीणों द्वारा रास्ता बाधित करने से आक्रोशित हाथी अपना रास्ता बदलते रहे। रात्रि 2 बजे हाथियों का दल ग्राम बांसा में गन्ना खाकर अपनी भूख मिटाई एवं बस्ती में घुस गए। इस दौरान हाथियों ने 3 घरों में तोड़-फोड़ की तथा घर में रखा अनाज चट कर गए। हाथियों के बस्ती में घुसने की संभावना पर वन कर्मियों ने पूर्व में ही जंगल किनारे के घरों को खाली करा दिया था। घरों में तोड़-फोड़ मचाने के बाद हाथी उदारी जंगल की ओर अग्रसर हुए तो वन अमले ने राहत की सांस ली। हाथियों का दल अभी उदारी जंगल में मौजूद है तथा सड़क पार कर बुलगा जंगल की ओर जाने की कोशिश कर रहा है। वन अधिकारी हाथियों के अपने पुराने रास्ते पर लौटने एवं जशपुर की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उप वनमंडलाधिकारी मेरीग्रेस कुजूर ने बताया कि हाथी अपने पुराने रास्ता की ओर जा रहे हैं।

हाथियों द्वारा ढहाया गया घर।

रास्ता रोकने से बढ़ेगी समस्या

वन अधिकारियों का कहना है कि 27 हाथियों का दल काफी संवेदनशील है तथा तेज रोशनी एवं पटाखा फोड़ने से अपना रास्ता बदल देता है। पटाखा फोड़ने से हाथी आक्रोशित होकर अधिक क्षति पहुंचाते हैं तथा आबादी क्षेत्र में घुसकर तोड़-फोड़ मचाते हैं। हाथियों को अपने पारंपरिक मार्ग से निर्वाध बढ़ने पर क्षति कम होगी तथा हाथी कम समय में आगे बढ़ेंगे। वन अमला क्षेत्रवासियों को हाथियों से दूर रहने एवं रास्ता बाधित नहीं करने के लिए जागरूक कर रहा है।

क्रशर संचालक से मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, मौके से बरामद किया गया पिस्टल

राजपुर। क्रशर खदान संचालक से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने घटना स्थल से एक पिस्टल भी बरामद किया है। इस मामले में एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नगर के अभय जायसवाल का डिगनगर में क्रशर खदान संचालित है। उक्त क्रशर खदान में राजेश अग्रवाल व अजय अग्रवाल ने अपने हाइवा वाहनों को स्टोन डस्ट लेने के लिए भेजा था। इस दौरान खदान में मुंशी के साथ दोनों का विवाद हो गया था। विवाद के बाद राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल व स्मित गुप्ता ने गांधी चौक स्थित अभय जायसवाल के घर पहुंच गए और उसके साथ जमकर मारपीट की। घटना की जानकारी लगने पर स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराने के साथ ही घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा राजेश अग्रवाल व अजय अग्रवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि स्मित गुप्ता फरार हो गया। इसके ▶▶शेष पेज 4 पर

अब नहीं छिलेंगे खिलाड़ियों के घुटने फंसकर गिरने का डर भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- शुरू हुआ बास्केटबॉल के सिंथेटिक कोर्ट का निर्माण, बच्चों को अभ्यास करने मिलेगी बेहतर सुविधा

अच्छी खबर

आखिरकार वर्षों के इंतजार के बाद अंततः बास्केटबॉल ग्राउंड में सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण का कार्य नगर निगम ने शुरू कर दिया है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन किए जाने के बाद हरकत में आए नगर निगम द्वारा आज से बास्केटबॉल ग्राउंड में सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। लगभग 16 लाख रुपए की लागत से कोर्ट को 8 लेयर में सिंथेटिक बनाया जाएगा। सिंथेटिक कोर्ट बनने से खिलाड़ियों को गिरने पर घुटने छिलने, चोट लगने के साथ ही जूते घिसने की समस्या से निजात मिल सकेगी। बता दें कि गांधी स्टेडियम ग्राउंड में बास्केटबॉल खिलाड़ियों के लिए वर्ष 2013 में सीमेंटेड बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण कराया गया था और वर्षों तक उपयोग के बाद इस कोर्ट में जगह जगह दरारें आ गई थी। पुराना व सीमेंटेड कोर्ट होने के कारण अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

इस बास्केटबॉल कोर्ट में अभ्यास कर खिलाड़ियों ने शहर को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई इसके साथ ही अनेकों मेडल हासिल किए लेकिन जर्जर हो चुके कोर्ट में अब अभ्यास के दौरान बच्चे गिरकर घायल हो रहे थे। कोर्ट में गिरने पर बच्चों के घुटने छिल जाते थे और उनके जूते जल्दी घिस रहे थे। इन सब के बीच संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव की पहल पर नगर निगम महापौर डॉ. अजय तिर्की द्वारा सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट निर्माण के लिए राज्य शासन से स्वीकृति दिलाई गई थी। स्वीकृति मिलने के बाद ननि द्वारा 16 लाख की लागत से बनने वाले सिंथेटिक कोर्ट मे भूमि पूजन भी किया गया था लेकिन बाद में आचार संहिता लागू होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया जबकि आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी इस कार्य को लेकर रुची नहीं दिखाई जा रही थी। ऐसे में हरिभूमि द्वारा खिलाड़ियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए खबर का प्रकाशन किया गया था। खबर प्रकाशन के बाद ननि महापौर डॉ. अजय तिर्की के निर्देश पर ननि आयुक्त अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में आज से सिंथेटिक कोर्ट के निर्माण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

निर्माणाधीन बास्केटबॉल कोर्ट।

गोल पोस्ट के लिए अलग से करनी होगी पहल

बास्केटबॉल के सिंथेटिक कोर्ट का निर्माण आठ लेयर में किया जाएगा। इसमें रबर व अन्य निर्माण सामग्रियों को मिलाकर राष्ट्रीय स्तर के कोर्ट का निर्माण किया जाएगा लेकिन फिलहाल इस राशि से सिर्फ कोर्ट का निर्माण हो सकता है। सिंथेटिक कोर्ट के बाद इसके गोल पोस्ट को लेकर भी विशेष पहल किए जाने की मांग की जा रही है। कोर्ट बेहतर होने के बाद मानक अनुरूप व आधुनिक गोल पोस्ट भी लगाने की मांग की जा रही का है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सिंथेटिक कोर्ट बनने के बाद सरगुजा में बास्केटबॉल का खेल और निखरेगा। स्थानीय प्रतिभा को अंतर्राष्ट्रीय मानक के सिंथेटिक बास्केटबाल कोर्ट पर खेल का मौका मिलेगा जिससे खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। अब इसके लिए आधुनिक गोल पोस्ट के स्थापना हेतु पहल की जाएगी।

सरगुजा संभाग का अब तक का सबसे बड़ा मेला
FUN 'N' FISH WORLD
K.P.S.
एम्युजमेंट पार्क एण्ड इन्टरटेनमेंट की प्रस्तुति
India's Bigest Under Water Fish Tunnel Aquarium
Fun, Foods, Shopping Exhibition
भव्य शुभारंभ 23 दिसम्बर 2023
समय दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक
स्थान- कला केन्द्र मैदान, घड़ी चौक, अम्बिकापुर

खबर संक्षेप

बहुरूपिया महोत्सव का आयोजन आज

मनेन्द्रगढ़। विदा वर्ष को अलविदा कहने मनेन्द्रगढ़ में 31 दिसंबर को बहुरूपिया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि विदा वर्ष के अंतिम दिन मनेन्द्रगढ़ में बहुरूपिया प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, इसमें विभिन्न प्रकार के रूप धारण कर कलाकार नगर के सभी मार्गों व चौराहों में घूम-घूमकर अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। समग्र समाज के निर्माण के लिए संकल्पित संस्था मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले इस आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही व्यापारियों एवं आमजन द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता है। इस वर्ष भी सभी के सहयोग से उपरोक्त आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में लगभग 300 से अधिक व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान से प्रतिभागियों के लिए सामग्री प्रदाय की है, साथ ही समूह व एकल के प्रतिभागियों को अलग-अलग यो बाइक प्रदान की जाएगी। वहीं पुरस्कार के रूप में एलईडी, ड्रेसिंग टेबल, कूलर, इंडेक्शन, आलमारी, ट्रॉयसाइकल, पानी की टंकी समेत विभिन्न प्रकार की सामग्री दी जाएगी। प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर अंक देने के लिए नगर पालिका तिराहा, गुरूनानक चौक, स्टेट बैंक तिराहा, न्यायालय के सामने, जेकेडी रोड रेलवे स्टेशन समेत अन्य कई स्थानों पर निर्णायकों के स्टॉल लगाए जाएंगे। मनेन्द्रगढ़ सांस्कृतिक मंच ने समस्त क्षेत्रवासियों से उपरोक्त आयोजन में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है।

जश्न के बीच हुड़दंगियों पर प्रशासन की नजर

बैकुंठपुर। 31 दिसंबर वर्ष 2023 का विदाई का दिन है और इसके साथ ही मध्य रात्रि में नया वर्ष 2024 की शुरूआत होगी। आज जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिलेभर में साल 2023 की विदाई के साथ नए साल के आगमन का जश्न मनाया जाएगा। शहर क्षेत्र में ही कई जगहों पर नए साल का जश्न मनाने की तैयारी की गई है। इस अवसर पर जगह-जगह पार्टियों का दौर भी चलेगा। जिसमें जमकर शराब की खपत भी होगी। जश्न में शराब न हो, ऐसा नहीं हो सकता। वर्ष के अंतिम दिन में जमकर शराब की बिक्री होती है। ज्यादातर युवा वर्ग शराब का सेवन करते हैं, लेकिन घर परिवार के बीच में आयोजित पार्टी में शराब नहीं होती। आज मध्य रात्रि तक लोग नए साल के स्वागत के लिए संगीत की धुन पर थिरकते नजर आएंगे और जैसे ही घड़ी की सुई 12 पर पहुंचेगा वैसे ही उत्साह दुगुना हो जाएगा। जगह-जगह नए साल का जश्न मनाया जाएगा। इस अवसर पर हुड़दंगी करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी।

पक्के मकान का सपना होगा सच

बैकुंठपुर। अपने परिवार के सर पर पक्की छत बनाने का सोहनलाल का सपना अब जल्द पूरा होने वाला है। उनके आवास निर्माण कार्य की प्रगति देखने के लिए पहुंचे जिला पंचायत सीईओ ने उनसे बातचीत कर जल्द आवास पूरा करने के लिए कहा। आपसी बातचीत में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सोहनलाल ने अगले महीने में आवास पूरा कर गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किए जाने का विश्वास दिलाया। जब मुस्कुराते हुए सोहनलाल ने आमंत्रित किया तो सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने भी पक्के मकान के शुभारंभ में आने का वादा किया। शनिवार को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली प्रधानमंत्री आवास योजना की मैदानी प्रगति का आंकलन करने के लिए सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने सोनहत जनपद पंचायत अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया।

कोरिया-एमसीबी जिले में स्थित हैं कई प्रसिद्ध पर्यटन स्थल

साल के अंतिम दिन पिकनिक स्पॉट पर्यटकों से रहेंगे गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाने अन्य जिलों से पहुंच रहे लोग

पिकनिक स्पॉट पर जुटी लोगों की भीड़।

साल 2023 को अलविदा कह नए साल 2024 का जश्न मनाने का दौर शुरू हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद पिकनिक स्पॉट पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। वहीं कोरिया और एमसीबी के कई प्राकृतिक और सुंदर नजारे राज्य भर से पर्यटकों को लुभा रहे हैं।

नए साल के स्वागत के लिए युवाओं-बच्चों में खासा उत्साह है। साल को विदाई देने के लिए पिकनिक स्पॉट पर लोगों की भीड़ जुट रही है। हालांकि कोरिया और एमसीबी का आंचल प्राकृतिक झरनों और सुंदर घाटियों से भरा पड़ा है, यही कारण है कि यहां दूर-दराज से भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। चाहे कोरिया का झुमका जलाशय, गौरघाट हो या एमसीबी का अमृतधारा जलप्रपात, रमदहा जलप्रपात इन दिनों लोगों की चहल कदमी से गुलजार हो उठा है। वहीं बैकुंठपुर में स्थित झुमका भी लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट बनता जा रहा है। ठंड के मौसम में भी लोगों को यह जलप्रपात लुभा रहा है। चारों ओर जंगल और पहाड़ों से घिरे गौरघाट झरना और यहां की प्राकृतिक वादियों का लोग खूब आनंद उठा रहे हैं। जंगलों से बहकर आने वाले कल-कल ठंडी हवा और घने वृक्षों की लंबी श्रृंखला से सजी सुरम्य बालम घाटी वादियां सहित लगभग तीन से चार प्राकृतिक जलप्रपात क्षेत्र में देखने को मिल जाते हैं। यहां पहुंचकर मन में खूबसूरत, प्राकृतिक सौंदर्य की एक नई उमंग पैदा हो जाती है। पर्यटन स्थलों से हटकर सोनहत क्षेत्र में कटगोड़ी के पास भी समुंदई जलप्रपात है, यह जलप्रपात ऐसा है जो बारिश के समय खिल उठता है। झरने के दोनों तरफ घने जंगल का नजारा के साथ गहरी खाई और बालम घाटी का सौंदर्य देखते ही बनता है। यहां इन दिनों आसपास के लोग काफी संख्या में पहुंचकर प्रकृति का आनंद उठा रहे हैं। वहीं मनेन्द्रगढ़ नर्सरी के पास स्थित हसदेव नदी किनारे बनाए गए पिकनिक स्पॉट पर भी लोगों की भीड़ मनोरम दृश्य का लुत्फ उठाने के लिए जमा हो रही है।

सोनहत का बालम पहाड़



गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान अपने आंचल में कई प्राकृतिक वन संपदा और वन्य जीवन समेटे हुए हैं। किसी का एक उदाहरण सोनहत तहसील में पड़ने वाला बालम घाट है। बालम घाट का नाम जितना रोचक है, उतनी ही आकर्षक यहां की प्राकृतिक मनोरम छटा है। बालम पहाड़ी के छोर पर स्थित इस घाट की सुंदरता बरबस ही लोगों को अपनी ओर खींचती है। हरे-भरे वनों पर जब सूर्य की पहली किरण पड़ती है तो इस घाट की सुंदरता देखते ही बनती है। सोनहत बाजार से महज 7 किमी की दूरी पर स्थित इस प्राकृतिक नजारे का लुफ्त उठाने भी लोग काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। यह बालम घाट विलुप्त हो रहे वन्यजीवों के दिखने के बाद भी चर्चा में बना हुआ है।

अमृतधारा जलप्रपात

एमसीबी जिले के ग्राम लाई में स्थित इस प्राकृतिक जलप्रपात की चर्चा प्रदेश के बेहद मनोरम जलप्रपातों में है। हसदेव नदी पर प्राकृतिक रूप से बना यह जलप्रपात करीब 90 फीट ऊपर से गिरते झरने के कारण बेहद सुंदर लगता है। इस जलप्रपात से महज 100 मीटर की दूरी तक लोग अपने वाहनों को लेकर पहुंच जाते हैं। प्रशासन ने भी इस जगह को काफी अच्छे से डेवलप किया है। हर वर्ष अमृतधारा महोत्सव और अन्य आयोजनों के कारण यह जगह राष्ट्रीय स्तर पर भी मशहूर हो गया है। साल के अंतिम दिनों में बिलासपुर, रायपुर ,कांकेर सहित अन्य जगहों से भी पर्यटक यहां घूमने आ रहे हैं।

आज और कल लोगों की उमड़ेगी भीड़

ठंड के इस मौसम में लोग पिकनिक मनाने के लिए विभिन्न पिकनिक स्पॉटों पर जुट रहे हैं। कई लोग परिवार के सदस्यों के साथ तो कई लोग अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने के लिए पिकनिक स्पॉट पर पहुंच रहे हैं, इसके चलते जिले के पिकनिक स्थल गुलजार हो गए हैं। कोरिया जिले के अधिकतर लोग एमसीबी जिले में स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल अमृतधारा जल प्रपात एवं गौरघाट जल प्रपात क्षेत्र में पिकनिक मनाने के लिए पहुंच रहे हैं, इसके अलावा कोरिया जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पर्यटन केन्द्र एवं पिकनिक स्थलों पर पहुंच कर पिकनिक का आनंद ले रहे हैं। पिकनिक पर जाने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है, जहां प्रकृति के बीच जाकर भागम भाग से दूर वनभोज का आनंद लेने का मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इस समय कई लोग जहां दूर-दराज के प्रमुख जगहों पर पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं, वहीं कई लोग ऐसे भी है जो कोरिया जिला मुख्यालय के निकट मध्यम श्रेणी की बांध परियोजना झुमका तट व गेट बांध के तलहटी पर पहुंच कर पिकनिक का आनंद ले रहे हैं, इसके अलावा कई अन्य प्रमुख स्थलों पर भी पिकनिक मनाने के लिए लोग जुट रहे हैं।

रमदहा जलप्रपात

रमदहा जलप्रपात भरतपुर ब्लॉक के भवरखोह गांव के पास बनास नदी पर स्थित है। इस जलप्रपात की जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से दूरी लगभग 160 किमी है। बनास नदी पर स्थित इस जलप्रपात की ऊंचाई लगभग 100 फीट और चौड़ाई लगभग 50 से 60 फीट है। ये खूबसूरत जलप्रपात चारों तरफ घने जंगल से घिरा है जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। सोशल मीडिया में प्रचार-प्रसार की वजह से रमदहा जलप्रपात की खूबसूरती से हर कोई वाकिफ है। चूंकि जलप्रपात के करीब काफी ज्यादा मात्रा में बड़े-बड़े पत्थरों का समूह है। रमदहा जलप्रपात तक पहुंचने के लिए निजी वाहन का उपयोग करना होगा, क्योंकि कोई भी सार्वजनिक गाड़ी वहां तक नहीं जाती है। वहीं जलप्रपात से सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन बैकुंठपुर है, जो लगभग 160 किमी की दूरी पर है।

साल के पहले दिन सैलानियों की होगी भीड़

साल 2023 अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है, इसके बाद वर्ष 2024 का आगाज होगा। आने वाले नूतन वर्ष के पहले दिन को यादगार बनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्लान बनाकर पिकनिक मनाने एवं दर्शनीय स्थलों की सैर करने पहुंचते हैं। नए वर्ष 2024 के पहले दिन कोरिया-एमसीबी जिले के प्रमुख पिकनिक स्थल दिनभर गुलजार रहेंगे। सबसे ज्यादा सैलानियों की भीड़ पिकनिक एवं घुमने फिरने के लिए अमृतधारा जल प्रपात स्थल पर जुटती है। यहां कोरिया-एमसीबी जिला ही नहीं बल्कि पड़ोसी अन्य जिले के लोग भी पहुंचते हैं।

झुमका बोट क्लब

बैकुंठपुर से सागरपुर की ओर जाने वाले रास्ते से झुमका बोट क्लब पहुंचा जा सकता है, इसे झुमका बांध के नाम से भी जाना जाता है। यहां दूर-दूर से पर्यटक पहुंचते हैं। छोटे बच्चों के लिए प्ले पार्क लोगों के लिए बोटिंग सुविधा के साथ ही बेहद सुंदर जलाशय के नजारे के कारण यह लोगों को लुभा रहा है। झुमका बांध तक पहुंचने के लिए पक्का रास्ता बनाया गया है, जिला प्रशासन ने भी इसे बेहद खूबसूरती के साथ विकसित किया है। बेहद बड़ी मछली के आकार का एक्वेरियम यहां बनाया गया है। वहीं छोटे बच्चों के लिए यहां मिकी माउस सहित अन्य झूले भी बच्चों को आकर्षित करते हैं।

हसदेव नदी पिकनिक स्पॉट

एमसीबी जिले के नागपुर चौराहे से मनेन्द्रगढ़ की ओर जाने वाले रास्ते पर वन विभाग की नर्सरी के ठीक पास बने इस प्राकृतिक पिकनिक स्पॉट की बात ही निराली है। पिकनिक स्पॉट से महज 100 मीटर दूर तक वाहनों के पहुंचने का मार्ग बना हुआ है। यहां से पैदल ही पिकनिक स्पॉट तक जाना पड़ता है। कल -कल करके हसदो नदी का स्वच्छ जल लोगों को मंत्र मुग्ध कर देता है। यहां नदी किनारे की रेट पर बैठकर लोग वन भोज करते हैं, वहीं नदी भी ज्यादा गहरी नहीं होने के कारण काफी संख्या में लोग अपने परिवार सहित पहुंचते हैं, वहीं बच्चे तो बच्चे बड़े भी नदी में जल क्रीड़ा करने का आनंद उठाते हैं। नदी किनारे ही लगे आंवले और अन्य फलदार वृक्षों से भी लोगों को खासा लगाव है। यही कारण है कि मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी एवं बैकुंठपुर क्षेत्र से भी काफी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे हैं।

सड़क पार कर रही महिला को बचाने में हेड कांस्टेबल घायल

बैकुण्ठपुर। एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ से कोतमा रेलवे स्टेशन आउट पोस्ट पर जा रहे आरपीएफ हेड कांस्टेबल सड़क हादसे में घायल हो गए हैं, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी सत्यनारायण शर्मा रेलवे सुरक्षा बल में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ है।

TOP IN SURGUJA

SRS HOSPITAL न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
- जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
- 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा
- 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
24/7
More information call us +91 96170 05000, +91 70499 35558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग · नेत्र रोग विभाग · दंत रोग विभाग · स्त्री रोग · चर्म रोग विभाग · सर्जरी विभाग · शिशु रोग · हड्डी रोग

रायपुर के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ
कैंसर रोग एवं सामान्य लक्षण
डॉ. सौरभ जैन
गायत्री हॉस्पिटल A MULTISPECIALITY HOSPITAL
दिनांक- 30 दिसम्बर 2023 शनिवार समय- दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120506000, 8120809000

अमृत काढ़ा काजमी — यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा मास्टर — यह दवा पुरुष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर — यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीघ्रपतन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माता:- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जड़ से इलाज
L4 L5 नसों में दबाव, गृध्रसी, सायटिका, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
9406004581
7869048102

सरगुजा मार्केट

हृदय रोग ओपीडी आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. एस.एस. पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9617247433, 9713667433

न्यूरो ओ.पी.डी.
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी , 2024
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243

डॉ. अमरीन फिरदौसी
BHMS, MSC Nutrition
होम्योपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
9179454786, 9753214959

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
- 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Mo. No. 07774-22500

मूत्र रोग विशेषज्ञ
दिनांक 13 जनवरी 2024
डॉ. राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
(O.P.D.) 8225848500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

प्रकाश हॉस्पिटल
सर्जिकल विभाग
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा दुरबीन विधि LAPROSCOPY (लेप्रोस्कोपिक पद्धति) द्वारा ईलाज
लेप्रोस्कोपी सर्जन
- गॉल ब्लैडर (पित्त की थैली)
- अपेण्डिक्स
- हर्निया
- पेट में गठान
- पेट में गोला इत्यादि
प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड एवं राशन कार्ड के द्वारा ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर
9713667433, 9617247433

आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
लेजर के फायदे
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल

डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समकक्ष पाठ्यक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/ अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

हरिभूमि

यादें 2023

27 मार्च 2023

वर्ष भर रही बाघ की मौजूदगी

इस वर्ष भी सूरजपुर व बलरामपुर जिले में बाघ, तेंदुए की मौजूदगी दर्ज की गई। इस दौरान सूरजपुर जिले में बाघिन ने कुदरगढ़ क्षेत्र में दो ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया जबकि संघर्ष में बाघिन भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घायल बाघिन को ट्रैंक्युलाइज कर पकड़ने के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में रखकर उपचार कराया गया और फिर एक महीने के बाद उसे अचानकमार टाइगर रिजर्व में छोड़ दिया गया।

6 फरवरी 2023

संभाग का पहला हमर लैब

स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार को लेकर सरगुजा में बड़ी सफलता हासिल की और संभाग मुख्यालय में पहले हमर लैब की स्थापना की गई। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम ने इस इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लेबोरेटरी हमर लैब का उद्घाटन किया। 1.25 करोड़ की लागत से बने हमर लैब में अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से लोगों को एक ही छत के नीचे 134 प्रकार की जांच की सुविधा मिल रही है।

11 मार्च 2023

नक्सलवाद पर प्रहार

नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में बलरामपुर पुलिस ने लगातार सफलताएं हासिल की। पुलिस ने पुनर्वास नीति के तहत तीन महिलाओं समेत 7 पूर्व नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराया। इसके साथ ही 25 अप्रैल को 9 नक्सलियों ने आतंक का रास्ता छोड़ते हुए अमन का रास्ता चुना है। कुल नौ नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही एक नक्सली ने आईईडी विस्फोटक के साथ ही तीन भरमार बंदूक भी सरेंडर किया। इसके साथ ही 17 अगस्त को सीआरपीएफ जवानों पर हमला करने करने मामले में फरार 8 लाख के इनामी नक्सली को बलरामपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

8 जुलाई 2023

चिकित्सा शिक्षा की नींव

चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सरगुजा जिले में एक नया अध्याय लिखा गया। चिकित्सा शिक्षा के लिए राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के 374 करोड़ की लागत से निर्मित कॉलेज व अन्य भवनों का पूर्व सीएम, डिप्टी सीएम ने उद्घाटन किया। इस कॉलेज भवन में पढ़कर जिले के साथ ही प्रदेश को नए डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही इस वर्ष भी कॉलेज को वर्ष 2023-24 के लिए 125 सीटों व पीजी की 43 सीटों पर एडमिशन की मान्यता मिली।

27 सितंबर 2023

भव्य महामाया प्रवेश द्वार

सरगुजा की आराध्य देवी मां महामाया के मंदिर को भव्यता प्रदान करने नगर निगम द्वारा मां महामाया मंदिर प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जा रहा है। 53.29 लाख रुपए की लागत से 60 फीट चौड़ाई वाले इस प्रवेश द्वार के निर्माण हेतु भूमिपूजन प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम के हाथों किया गया। इस प्रवेश द्वार का निर्माण होने से शहर को एक नई पहचान भी मिलेगी।

3 जनवरी 2023

सिविलबहादुर का अंत

तैमोर पिंगला अभ्यारण्य के हाथी पुनर्वास केंद्र में वृद्ध हाथी सिविलबहादुर ने अपनी अंतिम सांस ली। सिविल बहादुर को कुसमी के सिविलदाग जंगल से वर्ष 1988 में पकड़ा गया था। उस दौरान वह बेहद आक्रमणक हाथी था जिसके काबू करने के लिए वन अधिकारियों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। लगभग 3 दशक तक बेड़ियों में जकड़े सिविल बहादुर की मौत के बाद सरगुजा को बड़ी क्षति हुई।

3 दिसंबर 2023

बदला राजनैतिक समिकरण

इस वर्ष 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए 14 सीटों पर हुए मतदान के बाद परिणामों की घोषणा की गई। इस चुनाव में परिवर्तन की लहर चली जिसमें कांग्रेस का सभी 14 सीटों पर सफाया हो गया और कई दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में आजादी के बाद पहली बार भाजपा ने सीतापुर विधानसभा में जीत दर्ज की और सेना से राजनीति में आए युवा ने कांग्रेस प्रत्याशी को मात दी जबकि अंबिकापुर विधानसभा में पूर्व डिप्टी सीएम को उन्हें ही पुराने शागिर्द ने भाजपा की टिकट से लड़कर मात दी।

1 सितंबर 2023

अम्बिकापुर-रेणुकूट
रेल जुड़ाव
चेतना

सरगुजा से फिर उठी रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग

रेल सुविधाओं में विस्तार को लेकर एक नए आंदोलन की शुरुआत की गई। अंबिकापुर से रेनुकूट तक रेल विस्तार की मांग को लेकर रेल संघर्ष समिति द्वारा रेनुकूट से पदयात्रा शुरू की गई। 165 किलोमीटर की पदयात्रा शहर में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान पद यात्रा को जगह जगह लोगों का समर्थन मिला और हस्ताक्षर अभियान चलाकर केंद्र सरकार को जनभावनाओं से अवगत कराया गया।

13 दिसंबर 2023

मानव-हाथी द्वंद्व

इस वर्ष भी संभाग के सरगुजा, सूरजपुर व बलरामपुर जिले में मानव हाथी द्वन्द जारी रहा और हाथियों के हमले में लोगों की मौत हुई। इसके साथ ही संघर्ष में हाथियों को भी जान गवानी पड़ी। इस दौरान राजपुर विकासखंड के नरसिंहपुर में गन्ने की फसल को बचाने के लिए लगाए गए तरंगित तार के फंदे में फंसकर हाथी की मौत हो गई। हाथी 28 सदस्यीय दल के साथ क्षेत्र में पहुंचा था और दल से अलग होकर विचरण करने के दौरान उसे मौत का सामना करना पड़ा।

20 मई 2023

3.7 फीट की महिला का प्रसव

सरगुजा में पहली बार प्रसव से जुड़ा अनोखा मामला सामने आया जहां महज 3.7 फीट की महिला ने सर्जरी के माध्यम से बच्चे को जन्म दिया। विशेषज्ञों की मौजूदगी में महिला को एनस्थेसिया कर सफल प्रसव कराया गया। महिला की कद कम होने के कारण उसे एनस्थेसिया देना एक मुश्किल कार्य था और इसका असर महिला के साथ नवजात पर भी पड़ सकता था लेकिन टीम ने पूरी सावधानी के साथ महिला का प्रसव कराया।

22 नवंबर 2023

हादसों में गई लोगों की जानें

एनएच 130 पर यात्री बस व कार में टक्कर में पिता पुत्र की मौत हो गई। नाबालिग पुत्र ने घटना स्थल पर दम तोड़ दिया जबकि पिता की मौत उपचार के दौरान हुई। परिवार छठ पूजा के बाद बिहार से रायपुर वापस लौट रहा था। उदयपुर के समीप अलकापूरी में हुई घटना में पिता पुत्र की मौत हुई जबकि पत्नी व बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही अलग-अलग घटनाओं में दर्जनों लोगों की जाने गई।

महत्वपूर्ण घटनाएं

13 फरवरी– बलरामपुर जिले के ग्राम खजूरी में दम घुटने से ईंट भट्ठे के ऊपर सो रहे टी लोगों की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने रात में ईंट को पकाने के लिए गमला भट्ठे में आग लगाईं थी और फिर खाना खाने के बाद भट्ठा के ऊपर ही सो गए थे। इस दौरान सुबह होने से पहले ही नींद में तीनों की मौत हो गई थी।

22 फरवरी– शहर से लगे तुरियापारा में घर के अंदर सो रहे बुजुर्ग दम्पति आग की चपेट में आ गए। घर के चूल्हे से फैली आग पूरे घर में फैल गई और इस घटना में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि पति को ग्रामीणों ने किसी तरह बाहर निकाला।

10 मई–बनारस हाइवे पर सोनगरा में बारातियों से भरी बोलेरो व टैंकर में भिंड़त के कारण 6 लोगों की मौत हो गई। शादी के बाद बाराती वापस ग्राम खेसारी जाने के लिए निकले थे। इस दौरान ओवर टेक करते हुए टैंकर ने गलत दिशा से बारातियों से भरी गाड़ी को टक्कर मार दी थी। इसमें दो की घटना स्थल पर व बाकी की उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

17 मई– बिश्रामपुर के ओसीएम स्थित बंद खदान के पोखरी में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। बहनें नहाने के लिए गई हुई थी। एसडीआरएफ की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद दोनों लाशें बरामद की थी।

2 जून– शिक्षा के क्षेत्र में जिले के नाम एक और ख्याति जुडी और अब जिले के साथ ही संभाग के बच्चे संगीत की शिक्षा ग्रहण कर रहे है। सरगुजा को छत्तीसगढ़ के पहले संगीत महाविद्यालय की स्वीकृति मिली और अब पीजी कॉलेज में संगीत महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है।

10 अगस्त–साइबर क्राइम के मामले में अपराधियों से निपटने के लिए सरगुजा में संभाग के पहले साइबर रेंज थाना का उद्घाटन किया गया। इस साइबर रेंज थाना के खुलने के बाद संभागभर से आने वाले साइबर ठगी के मामलों का निराकरण करने के साथ ही आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिल रही है।

30 मई 2023

फ्रांस तक पहुंची ख्याती

स्वच्छ भारत मिशन के तहत बेहतर कार्य कर देशभर में शहर का नाम रौशन करने वाले नगर निगम अंबिकापुर ने एक और उपलब्धि हासिल की। एसएलआरएम मॉडल ने देश ही नहीं विदेशों में अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बनाई। फ्रांस की राजधानी पेरिस में नगर निगम अंबिकापुर को भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। पेरिस में भारत सरकार की ओर से अधिकृत ननि की पूर्व आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निकाय के साथ ही देशभर में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों पर अपना व्याख्यान दिया। विश्व भर से जुटे देशों ने इस कार्यशाला में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण, होने वाले नुकसान और इससे बचाव के तरीकों पर चर्चा की।

7 सितंबर 2023

25 फीट ऊंचे रामलला की प्रतिमा

वर्ष 2024 को रामलला के नाम किया गया है। इस बीच प्रदेश में बनाए गए राम वनगमन परिपथ के तहत रामगढ़ में भगवान राम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव द्वारा किया गया। राम वन गमन परिपथ के तहत रामगढ़ में 6.76 करोड़ की लागत से भगवान राम की प्रतिमा, श्रीराम वाटिका, कॉटेज, डोरमेट्री सहित अन्य निर्माण कराए गए है और इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है।

जीरोवेस्ट मैनेजमेंट में सफलता

स्वच्छता प्रबंधन के लिए देशभर में सम्मानित नगर निगम अंबिकापुर को भारत सरकार एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में शामिल होकर अपने विचार रखने का मौका मिला। जीरो वेस्ट दिवस पर नगर निगम आयुक्त ने निकाय के प्रतिनिधि के रूप में शहर के एसएलआरएम मॉडल पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा की और डी सेंट्रलाइज यूनिट के फायदों को बताया। इसके साथ ही कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर देशभर के अधिकारियों के साथ नवापारा एसएलआरएम सेंटर की दीदी को भी मंच साझा करने का मौका मिला।

29 मार्च 2023

USAID
SWACHH TSAV
International Day of Zero Waste:

1 जनवरी 2023

100 फीट पर लहराया तिरंगा

साल के पहले दिन शहर को एक नई सौगात के साथ ही पहचान मिली। महामाया पहाड़ पर 100 फीट ऊंचे हाई मास्ट तिरंगा की स्थापना की गई। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के हाथों इस ऊंचाई पर तिरंगा झंडे को फहराया गया। महामाया पहाड़ पर स्थापित किया गया तिरंगा झंडा वर्षभर शान से लहरा रहा है।

4 मई 2023

सरगुजा से उड़ान को मिली नई उम्मीद

सरगुजा में घरेलु उड़ान सेवा शुरू करने को लेकर मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा में चल रही कवायद में बड़ी सफलता मिली। प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव व अन्य कैबिनेट मंत्रियों की मौजूदगी में नव निर्मित रनवे पर सफल लैंडिंग ट्रायल किया गया। इसके साथ ही अगले दिन प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल द्वारा 46 करोड़ की लागत से निर्मित एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया। एयरपोर्ट का काम पूर्ण होने के बाद डीजीसीए द्वारा गिनाई गई कमियों को पूर्ण कर लिया गया और नए वर्ष में उड़ान सेवा शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है।

खबर संक्षेप

महामाया मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ आज

अम्बिकापुर। नारायण मानस मंडली द्वारा हर साल नव वर्ष पर अखण्ड रामायण का पाठ किया जाता है। साल के अंतिम दिन पाठ प्रारंभ होता है तथा नए साल में पाठ का समापन कर खुशहाली के लिए हवन-पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। मंडली पिछले 25 वर्षों से अनरवत अखण्ड रामायण का पाठ कर रही है। मंडली के बालकेश्वर गुप्ता ने बताया कि महामाया मंदिर में अखण्ड रामायण रसुबह 10 बजे प्रारंभ किया जाएगा। पाठ की पूर्णाहुति 1 जनवरी को सुबह 10 बजे होगा तथा हवन पूजन के बाद दोपहर 1 बजे तक प्रसाद वितरण किया जाएगा।

सूरजपुर जिले में कोरोना ने दी दस्तक, शिक्षक की रिपोर्ट पॉजिटिव

अंबिकापुर। सरगुजा संभाग में भी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दे दी है। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में एक शिक्षक की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। शिक्षक का एंटीजन सैंपल पॉजिटिव आया है जिसके बाद चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है। बता दें कि साल के अंत में एक बार फिर से देश के साथ ही प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े है। कोरोना वायरस के जेएन 1 वेरिएंट के मामले देशभर में बढ़ रहे है जिसे लेकर सरकार चिंता में है। शासन के निर्देश पर जिलों में कोरोना की टेस्टिंग के बार फिर से बढ़ा दी है और सर्दी, जुखाम व बुखार जैसे लक्षण वाले मरीजों की एंटीजन व आरटीपीसीआर से जांच की आज रही है। इस बीच सूरजपुर जिले के प्रतापपुर में एक शिक्षक की रिपोर्ट कोरोना संक्रमित आई है। शिक्षक की एंटीजन किट से जांच की गई थी जिसके बाद उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। इस बात की पुष्टि जिले के सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह ने की है। वहीं बताया जा रहा है कि संक्रमित शिक्षक का कोई भी ट्रैवल रिकॉर्ड नहीं है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीज का उपचार किया जा रहा है और उनके स्वास्थ्य पर निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से कोविड नियमों का पालन करने का आह्वान किया गया है।

प्रतापपुर-चंदौरा मार्ग के लिए टेंडर प्रक्रिया हुई पूर्ण, फरवरी में कार्य होगा प्रारंभ

प्रतापपुर। प्रतापपुर-चन्दौरा मार्ग के लिए 1028.91 लाख का टेंडर प्रक्रिया 29 दिसंबर को पूर्ण होने के उपरांत माह फरवरी में कार्य प्रारंभ होगा। अवधेश पांडेय ने बताया कि प्रतापपुर से चंदौरा मार्ग का बहु प्रतिक्षित पुनर्निर्माण कार्य जो कई वर्षों से पूरा नहीं हो पा रहा था। इस मार्ग पर बारिश के दिनों में यात्री बस चलना बंद हो जाते थे। क्षेत्र वासी सड़क की मांग को लेकर कई बार चक्का जाम एवं आंदोलन भी किया। इसके बावजूद किसी प्रकार की सार्थक पहल नहीं की गई थी। भाजपा विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करने का वादा किया था प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही अपनी पहली प्राथमिकता दिखाते हुए रायपुर में कार्य कराया। 29 दिसंबर को 1028.91 लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया गया जिसकी प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। 16 जनवरी को टेंडर खुलेगा और टेंडर प्रक्रिया उपरांत शीघ्र ही प्रतापपुर से चंदौरा मार्ग का कार्य प्रारंभ होगा।

आजाक मंत्री से मिला रविदास समाज का प्रतिनिधि मंडल

बलरामपुर। रविदास समाज जन कल्याण समिति एवं आजाक संघ के पदाधिकारियों ने ग्राम सनावल पहुंच कर आजाक मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर उनका स्वागत किया गया। अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति समाज के विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ करने का आग्रह किया। इस दौरान रविदास समाज के संभागीय जिला संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेज 1 का शेष...

क्रशर संचालक से मारपीट...

साथ ही पुलिस ने घटना स्थल से एक पिस्टल भी बरामद किया है। वहीं इस मामले में भाजयुमो प्रदेश महामंत्री अंकित जायसवाल ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर अजय अग्रवाल व राजेश अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आरोपी आए दिन लोगों से मारपीट व विवाद करते है। थाना प्रभारी रमाकांत साहू ने बताया कि घटना की शिकायत के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

---

363 दिनों के भीतर 488 लोगों की गई जान

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरच्यूरी में जनवरी से अब तक 828 मृतकों का पीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खास बात

- अधिकांश लोगों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित पुलिस सहायता केंद्र में जनवरी से लेकर अब तक जहां विभिन्न घटनाओं में कुल 488 मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है जबकि अस्पताल परिसर स्थित मरच्यूरी कक्ष में अब तक 828 शवों का पीएम किया गया है जो पिछले साल की अपेक्षा काफी अधिक है। इसके अलावा कोतवाली, गांधीनगर थाना व मणिपुर पुलिस द्वारा भी 340 से अधिक मामलों में मर्ग कायम किया है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने जितने भी मर्ग कायम की है जिसमें सर्वाधिक सड़क दुर्घटना की है जो सरगुजा संभाग के अलावा शहर के आसपास हुई थी। जबकि घायलों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा शहर के निजी अस्पताल में मौत हुई है। पुलिस द्वारा कायम मर्ग में हत्या, सड़क दुर्घटना, कुआं में डूबने जैसे मामले शामिल है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले के अलावा आसपास के अन्य जिलों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में गंभीर हुए मरीज दाखिल होते है। कुछ गंभीर मरीजों की हालत काफी गंभीर होने पर मरीज का प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर-बिलासपुर रेफर कर दिया जाता है जबकि अधिकांश गंभीर मरीज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही दम तोड़ देते है। इसके अलावा शहर के विभिन्न मार्गो पर कई ऐसी दुर्घटनाएं होती है जहां जहां घायल की घटनास्थल पर मौत हो जाती है। जनवरी से लेकर अब तक शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों कई सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें कुछ लोगों की मौके पर तो अधिकांश घायलों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सड़क दुर्घटना के अलावा सर्पदंश, आग से झुलसे,करंट लगने, कीटनाशक पीने, फांसी लगाने सहित अन्य संदिग्ध मामलों में गंभीर हुए 488 लोगों ने अपनी जान गवाई है। इसके अलावा कोतवाली, गांधीनगर व मणिपुर थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना, फांसी, हत्या सहित संदिग्ध मौत के लगभग 340 मामलों में मर्ग कायम किया है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित कोतवाली, गांधीनगर व मणिपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में विभिन्न घटनाओं में हुई मौत के मामले में अस्पताल परिसर स्थित मरच्यूरी कक्ष में जनवरी से लेकर अब तक 363 दिनों में 828 शवों का पोस्टमार्टम किया गया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है। पिछले वर्ष केवल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में विभिन्न घटनाओं में घायल हुए 478 लोगों की मौत हुई थी जिससे मरच्यूरी में अस्पताल सहित कोतवाली, गांधीनगर व मणिपुर पुलिस द्वारा कुल 651 शवों का पीएम किया गया था। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि साल 2022 की अपेक्षा इस वर्ष मौत के आकड़ा में काफी वृद्धि हुई है।

इन मार्ग पर हुई दुर्घटना

शहर के प्रायः सभी मार्ग में सड़क हादसे होते है किन्तु इस वर्ष शहर के रिंग रोड के अलावा बिलासपुर, राजपुर, सीतापुर, मनेन्द्रगढ़, प्रतापपुर, बनारस रोड में जनवरी से लेकर अब तक कई सड़क दुर्घटना हो चुकी है जिसमे कुछ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कई ने अस्पताल में दम तोड़ा। इधर सड़क दुर्घटना में घायल कई लोगों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल व निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस वर्ष सबसे अधिक सड़क दुर्घटना राजपुर, लखनपुर व बतौली मार्ग पर हुई जहां कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई गई थी।

नहीं मिलती जानकारी

पुलिस कर्मियों ने बताया कि अस्पताल में जहर खाने, सर्पदंश व जलने सहित सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। अस्पताल से रेफर होने के बाद कुछ मरीजों को बेहतर उपचार के लिए बाहर ले जाते है जबकि कुछ परिजन गरीबी तथा पैसों के अभाव में इलाज कराने के बजाय घर ले जाते है। ऐसे में मरीज की मौत हो जाने पर पुलिस को जानकारी नहीं मिलती जबकि उनका अंतिम संस्कार तक कर दिया जाता है।

नए साल के जश्न में पुलिस का रहेगा कड़ा पहरा, हुड़दंग मचाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चौक चौराहों के साथ ही होटलों के बाहर तैनात रहेंगे जवान, रात 10 बजे तक डीजे की अनुमति

नए साल के स्वागत के जश्न में इस बार पुलिस का कड़ा पहरा रहेगा। 31 दिसंबर की रात शहर में चौक चौराहों के साथ ही होटलों के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे व देर रात तक शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिले में डीजे संचालन का समय निर्धारित डेसिबल के साथ रात 10 बजे तक ही निर्धारित किया गया है। बता दें कि वर्ष 2023 की विदाई के साथ ही नए साल के स्वागत को लेकर जिलेभर में तैयारियां चल रही है। जगह जगह न्यू ईयर पार्टी की तैयारियां की गई है जहां 31 दिसम्बर की रात लोग डीजे की धुन पर थिरकने के साथ ही उत्साह के साथ नए वर्ष का स्वागत करेंगे। नए साल के जश्न के दौरान जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड में है। रविवार की शाम से ही शहर के चप्पे चप्पे पर पुलिस का पहरा रहेगा। इस दौरान लगभग 450 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है जो शहर व जिलेभर में चौक चौराहों के साथ ही न्यू ईयर पार्टी स्थल पर तैनात किए जाएंगे। सभी होटलों के बाहर बल लगाए जा रहे है ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे व मारपीट-छेड़छाड़ जैसी घटनाएं ना हो। इसके साथ ही शहर व जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की जाएगी और यदि कोई शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो उसपर नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। नए साल के जश्न में आम तौर पर देर रात तक कानफोडू डीजे बजाने का काम किया जाता है लेकिन इस बार कोलाहल अधिनियम का पालन कराते हुए निर्धारित डेसिबल में रात 10 बजे तक ही डीजे बजाने की अनुमति होगी और इसके बाद यदि कहीं डीजे का शोर सुनाई देता है तो आयोजकों के साथ ही डीजे संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। नए साल के जश्न के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना ने हो इसे लेकर सभी पर्यटन व पिकनिक स्थलों पर पुलिस व गोताखोरों की ड्यूटी लगाई गई है।

जश्न के दौरान रखे नियमों का ध्यान

नए साल के जश्न को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। रात 10 बजे तक ही डीजे बजाने की अनुमति होगी। चौक चौराहों के साथ ही होटलों के बाहर पुलिस बल तैनात किए गए है। शराब पीकर वाहन चलाने वालों व हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोग नियमों का पालन करते हुए खुशियां मनाए।

-सुनील शर्मा
एसपी

सैकड़ों क्विंटल धान बेचने के बाद किलो के हिसाब से मिली बोनस राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- किसानों ने समिति प्रबंधक से की शिकायत

विकासखंड के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दवनकारा में सैकड़ों किसानों के खाते में आए बोनस राशि को कम बताते हुए आज 50 से अधिक किसानों ने समिति प्रबंधक से शिकायत की। किसानों ने अपने द्वारा बेचे गए धान की तुलना में बहुत ही कम बोनस राशि प्राप्त होने की शिकायत दर्ज की। वहीं कई किसान ऐसे भी थे जिन्होंने धान बेचने के बाद भी बोनस न मिलने की बात कही। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही 25 दिसंबर को किसानों का बकाया 2 वर्ष का बोनस भुगतान करने की घोषणा की गई थी लेकिन कई किसानों को इसका लाभ नहीं मिल सका। जिसकी शिकायत लेकर आज बड़ी संख्या में किसान दवनकरा समिति प्रबंधक के पास पहुंचे थे। किसानों ने बताया कि वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 में बेचे गए धान का बोनस जो उन्हें प्राप्त नहीं हुआ था वह 25 दिसम्बर को उनके खाते में आना शुरू हुआ। किसानों के अनुसार उनके द्वारा सैकड़ों क्विंटल धान बेचे गए हैं मगर केवल 40 किलो के हिसाब से ही उनके खाते में पैसे प्राप्त हुए हैं जो बहुत ही कम है। इसके अलावा कई गांव के किसान ऐसे भी थे जो वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 में समिति में अपना धान बेचा था लेकिन शासन द्वारा जारी किए गए बोनस सूची में उनका नाम ही नहीं है। किसानों ने इस मामले में पूर्व समिति प्रबंधक द्वारा हेरफेर करने का भी आरोप लगाया। इधर किसानों के साथ उनकी समस्याओं को लेकर प्रतापपुर मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी एवं जरही मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता भी पहुंचे थे। उन्होंने इस संबंध में समिति प्रबंधक से चर्चा की। जिसपर समिति प्रबंधक द्वारा पूरे मामले को समझकर कार्रवाइ किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान नंदा यादव, अजित गुप्ता, प्रेमचंद कुशवाहा, राजेंद्र नापित,कमल राजवाड़े, रामप्रसाद सोनपाकर, रामप्रसाद, कमला प्रसाद, मंगलसाय, खिलेश्वर, रामदेव, बबन, राजेन्द्र नापित, घूरन राम, शिवप्रसाद सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

की जाएगी कार्रवाई

किसानों की शिकायत पर जांच कराई जाएगी। जो किसान वंचित है उन्हें बोनस राशि का वितरण किया जाएगा। जांच में जो दोषी होगा उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-संजय अग्रवाल
कलेक्टर सूरजपुर

बाड़ी से बकरी भगाने पर पड़ोसी ने की महिला से मारपीट

अम्बिकापुर। बकरी को बाड़ी से भगाने की बात को लेकर पड़ोसी ने महिला की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर थाना अंतर्गत ग्राम भुईहारी टिकरा निवासी श्रीमती बुंद कुंवर पति स्व. मुन्ना राम दोपहर को गांव के ही कोदी के साथ छबाई कर रही थी। इसी दौरान पड़ोसी की बकरी बाड़ी में घुस कर फसल को चरने लगी। जिसे देख महिला ने बकरी को भगाने लगी जिसे देख पड़ोसी हिरोदिया गाली-गलौज करने लगी। कुछ समय बाद महिला पार्षद के बोर में कपड़ा धोनी गई तो पड़ोसी हिरोदिया परिवार के चुलू बरगाह, बंधू बरगार के साथ मौके पर पहुंची और गाली-गलौज करते हुए जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

स्वागत द्वार पर लगाया फ्लैक्सी बोर्ड, भटक रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय में अस्पताल चौक के पास नपा परिषद द्वारा प्रवेश द्वार बनाया गया है जिसमें दूर के श्हरों का नाम एवं दूरी अंकित है साथ ही निशान लगाकर संबंधित मार्ग को बनाया गया है ताकि बाहर से आने वाले जाने वाले यात्रियों को सहूलियत हो। प्रवेश द्वार एवं बोर्ड पर फ्लेक्सी बोर्ड लगा देने के कारण अंकित जानकारी ढक गए हैं, जिसके कारण यात्रियों को समस्या हो रही है तथा यात्री मार्ग भटक जा रहे हैं। शासकीय द्वार एवं बोर्ड पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाना पूर्णतः वर्जित है लेकिन शासन के निर्देशों का पालन नहीं होने क कारण यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित गुप्ता ने बताया कि अधिकृत स्थान के अलावा दूसरी जगह पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाने की अनुमति नहीं है। फ्लेक्सी बोर्ड लगाने वाले लोगों को समझाईश दी जाएगी तथा निर्देशों का पालन नहीं करने पर दोबारा चलानी कार्रवाई की जाएगी।

लाइन मैन अविनाश को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विद्युत विभाग में अपनी 36 वर्षो की सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए लाइनमेन अविनाश झा को विदाई दी गई। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग बिश्रामपुर में कार्यरत लाइन मेन अविनाश झा अपनी 36 वर्षों की सेवा देकर सेवानिवृत्त हो गए हैं। लाइन मेन अविनाश झा की सेवानिवृत्ति पर विभाग के सहकर्मियों व अधिकारियों द्वारा एक समारोह में शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जूनियर इंजीनियर शाजिद शेख, लिपिक विजय एक्का, भागवत त्रिपाठी, भैयालाल यादव व समस्त स्टाप मौजूद थे। कार्यक्रम में जूनियर इंजीनियर शाजिद शेख ने कहा कि लाइन मेन अविनाश झा की सेवाभाव व कर्तव्य निष्ठा से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए विभाग को अपनी सेवाएं दी हैं। विभाग उनके दीर्घ आयु व स्वस्थ जीवन की कामना करता है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की दिशा में देश आगे बढ़ रहा : देवधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का संचालन आमजन को शासन द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी देना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सभी क्षेत्र में विकास कार्य कर रहे हैं। उक्त बातें भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया ने शनिवार को ग्राम पंचायत जयनगर प्रांगण में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में व्यक्त करते हुए कही। शिविर में अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, जनपद सदस्य फूलबसिया राजवाड़े, मो. इसराईल, रविंद्र भारती, शांतनु सिंह चौहान, कृष्णा गुप्ता, देवेन्द्र सोनवानी, बंटेश्वर, कृष्णपाल बिंझिया, सरपंच विजय सिंह, भारत, सियंबर सिंह, चंद्रावती, जनपद सीईओ विनोद सिंह, पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी, मानी नायब तहसीलदार हिना टंडन का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरे विश्व में अपना सम्मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। शिविर में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान पंचायत निरीक्षक उपेंद्र तिवारी, उप सरपंच अफरोज, मकसूद, सूरजपुर बीईओ, पंचायत सचिव सियाराम राजवाड़े, रोजगार सहायक किरनचंद्र, प्राचार्य कलिस्ता अक्खड़, वीरेंद्र जायसवाल, संजय मिश्रा, हर्षनारायण शर्मा, एकरी देवी, अशोक बिंझिया, विनोद बिंझिया सहित अन्य उपस्थित थे। शिविर में मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी ने किया।

हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
अब तक 1.50 लाख सफल
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
MBBS,MS
OCT
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकागेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ युनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-73544-11411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
MBBS, DCH, DNB
MBBS, DGO
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 0718003300, 6262639090

बदलते मौसम में सिर दर्द को अनदेखा करना बन सकता है...
ब्रेन स्ट्रोक
पैरालिसिस
माइग्रेन
ब्रेन ट्यूमर
जैसी खतरनाक बीमारी का कारण
Dr. Neelam Sahu Puri
MBBS, MD, DrNB
Neurology Consultant
इलाज के लिए हमारे विशेषज्ञ से परामर्श लें...
मार्क हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
गीता पैलेस के पास, कपिल नगर, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
संपर्क करें : 9109969722, 9039028850